# निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने किया ध्वजारोहण

## निगम के कार्यपालन यंत्री व उपयंत्री हुए सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने प्रातः 07:30 बजे निगम भवन पर ध्वजारोहण किया।



ध्वजारोहण पश्चात निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को 73 वें गणतंत्र दिवस की शुभाकामना देकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम को नम्बर 1 बनाने हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से एकजुट होकर कार्य करने का आव्हान करते हुए कहा कि नगर निगम कम्प्यूटराईज, वॉकी टॉकी, जीपीएस तथा अन्य आधुनिक संसाधनों से लैस होकर रतलाम नगर को तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ा रहा है। उन्होने कहा कि शहर समृद्ध होगा तो प्रदेश समृद्ध होगा, प्रदेश समृद्ध होगा तो देश समृद्ध होगा।

पुलिस लाईन पर आयोजित मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री माननीय श्री ओ.पी. एस भदौरिया ने कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास व प्रधानमंत्री आवास योजना व उपयंत्री श्री बी.एल. चौधरी को पेयजल व्यवस्था में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ती पत्र व शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी श्री जी.के. जायसवाल, सहायक यंत्री श्याम सोनी, लेखाधिकारी श्री विज बालोद्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा सहित निगम के अधिक एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

अवन्तिका 29/1/22

# नगर निगम के विभिन्न करों से 7.59 लाख हुआ राजस्व प्राप्त

रतलाम ● संपत्ति कर, जल कर, लायसेंस, राजस्व, विकास शाखा, बिल्डिंग परमिशन के तहत नागरिकों द्वारा जमा कराए गए करों के तहत अभी तक कुल राशि रुपए 15,53,697 का राजस्व प्राप्त हुआ। नगर निगम के विभिन्न करों के तहत संपत्ति कर शिविर से 159241, कार्यालय 164280 कुल 323521, जल कर शिविर 28140, कार्यालय 33240, वसूली दल 77160 कुल 138540, विकास शाखा 400, दुकान-गुमटी किराया 55380, कम्पाउंडिंग 237621, गंदगी करने व बगैर मास्क वालों पर स्पॉटफाइन 3600 इस तरह कुल राशि रु. 7,59,062 का राजस्व निगम को प्राप्त हुआ। स्वदेश

स्वदेश 29/1/22

## 8584 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन

रतलाम। शहर के सामाजिक सुरक्षा, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन, राष्ट्रीय विधवा पेंशन, राष्ट्रीय निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, निशक्त पेंशन, मानसिक बहुविकलांग पेंशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन वार्ड दरोगा व नियुक्त कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर व वार्डवार बनाए गए केंद्रों पर किया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार तक 8584 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है।

नईदुनिया 29/1/22

# रतलाम में ओमिक्रॉन की पुष्टि : 120 नए पॉजिटिव मिले, 80 साल की वृद्धा की मौत

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम में ओमिक्रॉन वैरिएंट की पुष्टि हो गई है। जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए दिल्ली भेजे 9 सैंपल में से 5 सैंपल में ओमिक्रॉन वैरिएंट बी1 मिला है। इन 5 सैंपल में से 2 विदेश से लौटे लोग है, तो वहीं, 3 अन्य लोगों की ट्रेवल हिस्ट्री सामने आई है। इधर, शुक्रवार को कोरोना के कारण जिले में एक महिला की मौत हो गई।

कोरोना संक्रमित मिलने का सिलसिला शुक्रवार को जारी रहा। 120 नए पॉजिटिव सामने आए। इनमें 4 साल के दो बच्चे और 9 साल का एक बच्चा शामिल है। वहीं, टीआईटी रोड, समता परिसर, शुभमश्री कॉलोनी, कस्तूरबा नगर, निराला नगर, जवाहर नगर, ओसवाल नगर, रेल नगर, सैलाना, पत्रकार कॉलोनी सहित अन्य इलाकों और ग्रामीण क्षेत्र में संक्रमित मिले। हालांकि, राहत की बात ये है कि शुक्रवार को 139 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। जिले में 19773 पॉजिटिव सामने आ चुके हैं। भास्कर

## 31 को समीक्षा के बाद होगा निर्णय

## कोरोना केस कम होना शुरू हुए तो खोलेंगे स्कूल : सीएम

भोपाल | प्रदेश में 31 जनवरी के बाद स्कूल खुल सकते हैं। इसके संकेत शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिए। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि 31 जनवरी को हम संक्रमण की समीक्षा करेंगे। केंद्र सरकार और विशेषज्ञों से स्कूल खोलने के बारे में राय लेंगे। यदि कोरोना केस कम होना शुरू हुए तो स्कूल दोबारा खोलने की कोशिश करेंगे। बता दें कि प्रदेश में कोरोना केस बढ़ने पर कक्षा 1 से 12वीं तक के स्कूल 15 जनवरी से 31 जनवरी तक बंद कर दिए गए हैं। इधर इंदौर में शुक्रवार को कोरोना के 1905 नए मरीज मिले, जबकि दो की मौत हो गई। इसके साथ ही मौत का आंकड़ा 1420 पहुंच गया है।

दै. भास्कर 29/1/22

# तीसरी लहर में पहली मौत, 80 वर्षीय वृद्धा ने दम तोड़ा

## कोरोना से मौत का आंकड़ा 312 हुआ, स्वस्थ होने वालों की संख्या भी बढ़ी

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि) कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर में गत तीन दिन से नए मरीजों की तुलना में स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है, लेकिन शुक्रवार को एक 80 वर्षीय वृद्धा ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इससे कोरोना से मौत का आंकड़ा 312 हो गया है। शुक्रवार को 120 नए मरीज मिले जबकि स्वस्थ होने वालों की संख्या 139 रही। जिले में कोरोनाकाल में 19773 मरीज मिले हैं, जिनमें 18523 स्वस्थ हो गए। एक्टिव मरीजों की संख्या 938 है।

80 वर्षीय वृद्ध महिला को 21 जनवरी को उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार को उनकी मौत हो गई। हालांकि रिकवरी रेट बढ़ने से तीसरी लहर का खतरा कम होता जा रहा है। नई



**जिले में कोरोना मरीजों की स्थिति**

| तारीख | पाजिटिव केस |
|---|---|
| 27 जनवरी | 120 |
| 26 जनवरी | 130 |
| 25 जनवरी | 132 |
| 24 जनवरी | 150 |
| 23 जनवरी | 149 |
| 22 जनवरी | 137 |
| 21 जनवरी | 140 |

नईदुनीया 29/1/22

गुलाब चक्कर पर आयोजित कार्यक्रम में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांधा

# भारत पर्व में बिखरे देशभक्ति के रंग



**● रतलाम।** **गणतंत्र दिवस की संध्या पर गुलाब चक्कर रतलाम में भारत पर्व का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एडीएम एम.एल.आर्य ने दीप प्रज्वलित कर किया।** इस दौरान एसडीएम अभिषेक गहलोत, एसडीएम रतलाम ग्रामीण सुश्री कृतिका भीमावद, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास रजनीश सिन्हा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती विनीता लोढ़ा, जिला पंचायत परियोजना अधिकारी महेश कुमार चौबे, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद् रत्नेश विजयवर्गीय तहसीलदार गोपाल सोनी, जिला जल सलाहकार पीएचई आनंद व्यास आदि उपस्थित थे। देशभक्ति के तरानों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसमें श्रीमती अंशु मिश्रा के नेतृत्व में कलाकारों ने सरस्वती वंदना एवं गीत नाटिका प्रस्तुत कर देश भक्ति के वातावरण से सभी को सराबोर कर दिया। राजेश पंडित एवं उनके साथी कलाकारों जितेंद्र चौहान, हर्षा, प्रदीप पवार ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से गणतंत्र पर्व को सार्थक किया। स्थानीय युवा कलाकारों के कहना है बैंड ने अपनी प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। बैंड के असीम पंड्या, अंकित बोरासी ने अपनी प्रभावी प्रस्तुति के माध्यम से देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए एवं इस पर आकाश शर्मा द्वारा पेंटिंग बनाई गई। इस प्रस्तुति को उपस्थितजनों ने काफी सराहा गया। कार्यक्रम में श्री नितिनसिंह रावत ने बांसुरी वादन के माध्यम से राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत किए। अतिथियों ने कलाकारों को प्रोत्साहित कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन आशीष दशोत्तर ने किया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक, अधिकारी -कर्मचारी एवं संगीतप्रेमी उपस्थित थे।

अग्निबाण २८/१/२२

## सब्जियों की रंगोली से स्वच्छता का संदेश



रतलाम | शास्त्रीनगर की अधिशी पिता राजकुमार भटेवरा ने सब्जियों की रंगोली बनाई है। इसमें सभी तरह की सब्जियों का इस्तेमाल कर स्वच्छता का संदेश दिया है। इसके पहले अधिशी अनाज से रंगोली बना चुकी है।

द.भास्कर 29/1/22

## समय सीमा बैठक के समय उच्च अधिकारी अन्य बैठके या वीसी नहीं लेंगे

रतलाम। जिलों में कलेक्टर की अध्यक्षता में प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाली समय सीमा बैठक के महत्व के दृष्टिगत समस्त उच्च अधिकारी अपने स्तर पर विभागीय जिला स्तरीय अधिकारियों की वीसी या समीक्षा बैठक आयोजित नहीं करेंगे ताकि अधिकारी अपनी जिला स्तरीय साप्ताहिक समय सीमा बैठक में उपस्थित रह सके। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस सम्बंध में पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि समय सीमा बैठक जिला स्तर पर विभागों के मध्य समन्वय की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों के लिए आवश्यक है कि वे समय सीमा बैठक में अनिवार्य रुप से उपस्थित हो।

इन्दौर समाचार 29/1/22

## सोफिया को दी श्रद्धांजलि



रतलाम। नगर निगम की लेखाकर्मी सोफिया हेमन सैमसन का गुरुवार को निधन हो गया था। शुक्रवार को सैलाना ब्रिज के पास ग्रेव्यार्ड में नगर निगम कर्मियों सहित अन्य ने श्रद्धांजलि दी।




# भारत पर्व में बिखरे देशभक्ति के रंग कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांधा

रतलाम। गणतंत्र दिवस की संध्या पर गुलाब चक्कर रतलाम में भारत पर्व का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, जिला पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एडीएम श्री एम.एल. आर्य ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस दौरान एसडीएम श्री अभिषेक गहलोत, एसडीएम रतलाम ग्रामीण सुश्री कृतिका भीमावद, डिप्टी कलेक्टर सुश्री मनीषा वास्कले, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास श्री रजनीश सिन्हा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती विनीता लोढ़ा, जिला पंचायत परियोजना अधिकारी श्री महेश कुमार चौबे, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद् श्री रत्नेश विजयवर्गीय तहसीलदार श्री गोपाल सोनी, जिला जल सलाहकार पीएचई श्री आनंद व्यास आदि उपस्थित थे। देशभक्ति के तरानों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

इसमें श्रीमती अंशु मिश्रा के नेतृत्व में कलाकारों ने सरस्वती वंदना एवं गीत नाटिका प्रस्तुत कर देश भक्ति के वातावरण से सभी को सराबोर कर दिया। श्री राजेश पंडित एवं उनके साथी कलाकारों श्री जितेंद्र चौहान, हर्ष, श्री प्रदीप पवार ने देशभक्ति गीतों के माध्यम से गणतंत्र पर्व को सार्थक किया।

स्थानीय युवा कलाकारों के %कहना है बैंड% ने अपनी प्रस्तुति से सभी को प्रभावित किया। बैंड के श्री असीम पंड्या, श्री अंकित चोरासी ने अपनी प्रभावी प्रस्तुति के माध्यम से देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए एवं इस पर श्री आकाश शर्मा द्वारा पेंटिंग बनाई गई । इस प्रस्तुति को उपस्थितजनों ने काफी सराहा गया। कार्यक्रम में श्री नितिनसिंह रावत ने बांसुरी वादन के माध्यम से राष्ट्रभक्ति गीत प्रस्तुत किए। अतिथियों ने कलाकारों को प्रोत्साहित कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष दशोत्तर ने किया। इस अवसर पर गणमान्य नागरिक, अधिकारी -कर्मचारी एवं संगीतप्रेमी उपस्थित थे।

**जनसंपर्क विभाग की विकास प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र बनी-** भारत पर्व के अवसर पर जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा विकास प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित करते हुए चित्र देखकर उपस्थितजनों ने योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी ली। स्वतंत्र

स्वतंत्र रतलाम २९/१/२२

**सख्ती** • शहर के चारों थानों में जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज वे हैं निशाने पर

# घंटे के हिसाब से ब्याज वसूलने वाले गुंडे सड्डू लाला का तीन मंजिला मकान तोड़ा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पुलिस, जिला प्रशासन और नगर निगम ने मोहननगर में शुक्रवार को कुख्यात गुंडे और सूदखोर सड्डू लाला का मकान तोड़ा। उधर कलेक्टर ने रंगदारी कर प्लॉट (भूखंडों) पर कब्जा करने वालों से पीड़ित लोगों से अपील की है कि वे अपनी शिकायत जनसुनवाई में प्रस्तुत करें। समय सीमा में त्वरित एक्शन लिया जाएगा। एसपी ने बताया ब्लैकमेलिंग के लिए सीएम हेल्प लाइन में शिकायत करने वालों की भी जांच की जा रही है। ब्लैकमेलिंग के लिए शिकायत करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।

खाचरौद की लाला गैंग का रिश्तेदार यूनुस उर्फ सड्डू लाला पिता यूसुफ (35) निवासी नाहरपुरा के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, हफ्ता वसूली, ब्याज वसूली के लिए प्रताड़ित करने के कारण आत्महत्या करने सहित अन्य धाराओं में 19 प्रकरण दर्ज हैं। लोगों को रुपए उधार देकर दस गुना से अधिक ब्याज वसूलता है। सूदखोरी का आलम यह है कि ब्याज की मासिक किस्त चुकाने में देरी होने पर प्रति घंटे दस प्रतिशत पेनल्टी शुरू हो जाती है। अवैध कमाई से अर्जित उसकी संपत्तियों की जानकारी इकट्ठा की जा रही है।

शुक्रवार को दोपहर 3 बजे मोहन नगर में सड्डूलाला के यहां कार्रवाई के निर्देश जारी हुए। 3:30 बजे तक पोकलेन और जेसीबी लेकर नगर निगम की टीम औद्योगिक क्षेत्र थाने पहुंच गई। एसडीएम अभिषेक गेहलोत और सीएसपी हेमंत चौहान नगर निगम, राजस्व विभाग की टीम और पुलिस फोर्स लेकर मोहन नगर के लिए रवाना हुए। बिजली कर्मचारी से लाइट कनेक्शन कटवाने के बाद 3:50 बजे मोहन नगर में सड्डूलाला का मकान तोड़ना शुरू किया।

सड्डूलाला की ओर से आए अभिभाषक ने कार्रवाई का विरोध किया। एसडीएम गेहलोत ने उसे बताया कि नियमानुसार कार्रवाई हो रही है। पांच मिनट बाद कार्रवाई दोबारा शुरू हो गई और 4:50 बजे तक अतिक्रमण तोड़ दिया।

**शहर में गुंडों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई-** एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया शहर के चारों थानों में जिनके खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं ऐसे गुंडों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

## रंगदारी और सीएम हेल्पलाइन के जरिये ब्लैकमेलिंग करने वालों की जांच भी शुरू



मोहन नगर में कार्रवाई के बाद टूटा मकान।

**भाटों का वास में महिला ने आत्महत्या कर ली थी-** भाटों का वास निवासी शुभम चौहान ने सड्डू लाला से 80 हजार रुपए उधार लिए थे। ब्याज सहित 8 लाख रुपए वसूलने के बावजूद उसने शुभम की मां शोभा चौहान को धमकाया कि ब्याज नही दिया तो बेटे को काटकर दरवाजे पर लटका देगा। धमकी से डरकर मां शोभा चौहान ने 9 नवंबर 2019 को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने की धारा में सड्डूलाला को गिरफ्तार किया था।

**गुंडों की रंगदारी नहीं चलने देंगे-** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने अपील की है कि नगरीय क्षेत्रों में जिन लोगों के प्लॉट पर असामाजिक और गुंडा तत्वों ने कब्जा कर लिया है या मकान बनाने नहीं दिया जा रहा है अपनी शिकायत जनसुनवाई में प्रस्तुत करें। किसी तरह की रंगदारी नहीं चलेगी। यदि केस न्यायालय में विचाराधीन नहीं है तो शिकायत मिलने पर समयसीमा में निराकरण कर सख्त कार्यवाही की जाएगी। रंगदारी करने वालों के खिलाफ शिकायत करें।

**सीएम हेल्पलाइन ब्लैकमेलिंग का जरिया बन गया**

ब्लैकमेलिंग के लिए सीएम हेल्पलाइन को जरिया बनाने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा कार्यवाही की जाएगी। एसपी गौरव तिवारी ने बताया तीन सालों की शिकायत की जांच में 50 नाम ऐसे मिले हैं जिन्होंने राजीनामा कर लिया और शिकायत बंद करवा दी है। पुलिस जांच कर रही है कि शिकायतकर्ता ने जांच बंद करवाने के लिए अनावेदक से अवैध रूप से रुपए लिए हैं या नहीं। जांच में बार-बार सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने वालों की सूची बनाई जा रही है।

दैनिक भास्कर 29/1/22

# सड्डूलाला का तीन मंजिला आलीशान मकान तोड़ा

## गुंडे -बदमाशों की संपत्ति नष्ट करने की कार्रवाई लगातार जारी, बैरिकेट्स लगाकर आवागमन को रोका फिर हुई कार्रवाई





रतलाम » दबंग रिपोर्टर

शहर में अपराधिक तत्वों के विरुद्ध प्रशासन का पंजा लगातार चल रहा है। शुक्रवार को पटरी पर मोहन नगर क्षेत्र में अपराधी सड्डू लाला के मकान पर कार्रवाई की गई। शाम को प्रशासन के पंजे में तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू की। इस दौरान काफी संख्या में भीड़ भी जमा हो गई थी जिसे हटाने के लिए पुलिस मौजूद थी।

शुक्रवार को दोपहर बाद प्रशासन का दल बल के साथ मौके पर पहुंचा। दल ने आसपास के रास्तों और बैरिकेट्स लगाकर पहले आवागमन को रोका गया। तत्पश्चात पंजे ने अपनी कार्रवाई शुरू की और देखते ही देखते अपराधी प्रवृत्ति के सड्डू लाला के तीन मंजिले भवन का नक्शा तहस-नहस कर दिया। कार्रवाई के चलते आसपास के क्षेत्र रहवासियों की भीड़ जमा हो गई।

### यह थे मौजूद

दल में सीएसपी हेमन्त सिंह चौहान, नगर निगम व राजस्व विभाग के अधिकारी, औद्योगिक क्षेत्र थाना के टीआई ओपी सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे। उल्लेखनीय है कि 21 जनवरी से शहर में अपराधिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है और उनके आशियाने को थोड़ा जा रहा है।

## गुंडे बदमाशों से सख्ती से निपटा जाएगा, कलेक्टर की चेतावनी

रतलाम » दबंग रिपोर्टर



जिला प्रशासन अब रंगदारी और प्लाट पर कब्जा करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निपटने मन बना चुका है। प्रशासन ने इसके लिए ऐसे तत्वों से पीड़ित आम जनता से शिकायत करने की अपील की है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में जो लोग अपनी जीवन भर की कमाई से प्लाट खरीदे हैं और उनके प्लाट पर असामाजिक तत्वों या गुंडों तत्वों द्वारा कब्जा किया गया है या मकान बनाने नहीं दिया जा रहा है या इस प्रकार की अन्य रंगदारी की जा रही है तो अब उनकी रंगदारी नहीं चलेगी।जिला प्रशासन द्वारा ऐसे पीड़ित व्यक्तियों से जनसुनवाई में आवेदन प्राप्त किए जाएंगे और समय सीमा में उनका निराकरण किया जाएगा। बशर्ते मामला न्यायालय में नहीं चल रहा हो। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रंगदारी, गुंडा तत्वों से पीड़ित व्यक्तियों से अपील की है कि वे प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में अपना आवेदन लेकर आएं उनकी शिकायत पर त्वरित एक्शन ली जाएगी। निश्चित समय सीमा में निराकरण कर दिया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि प्रायः इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि प्लाट पर गुंडा तत्वों द्वारा कब्जा कर लिया गया है अथवा रंगदारी की जाकर मकान बनाने नहीं दिया जा रहा है। ऐसे मामलों में अब प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दबंगदुनीया 29/1/22

निगम के हाथ खाली

# धरा रह गया प्रॉपर्टी सेल का सपना

पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

## निगम की कई योजनाओं में अब तक बिक्री नहीं




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम ने शहर के कई क्षेत्र में अलग -अलग सम्पतियों का निर्माण किया, लेकिन इनकी बिक्री का अब तक अभाव है। असल में महू रोड स्थित दुकानें हो या मुखर्जी नगर की आवासीय प्रॉपर्टी, इनकी बिक्री का अभाव ही है। ऐसे में प्रॉपर्टी सेल बनाने का निर्णय तो हुआ, लेकिन वो अब तक अमलीजामा नहीं पहनाया जा सका है।

शहर के पहले बड़े आवासीय सह व्यावसायिक कॉम्प्लैक्स में फ्लैट बिक्री का लक्ष्य अब तक हासिल नहीं हुआ है। इसको बढ़ाने के लिए प्रॉपर्टी सेल बनाने का निर्णय भी अधर में लटका है। इससे नगर निगम को जहां राजस्व का नुकसान हो रहा है तो आवास लेकर रहने की मंशा रखने वाले लोग भी अधूरी प्रक्रिया के कारण उलझन में फंसे हुए हैं।

### इनके निर्णय का अभाव

महू रोड पर निगम ने 103 दुकानों की बिक्री के लिए काफी जतन किए। अब तक 90 से अधिक दुकानों की बिक्री का अभाव है। इतना ही नहीं इनकी बिक्री के लिए नगर निगम ने एक कर्मचारी को आमजन से संवाद के लिए लगाया, लेकिन अब तक सकारात्मक नतीजा निगम को नहीं मिल पाया है। इसके अलावा 80 फ़ीट रोड के पीछे मुखर्जी नगर में फ्लैट बनाए, 22 लाख रुपए वाले सरकारी बोली के इन फ्लैट की बिक्री भी अब तक करने में पूरी तरह से निगम सफल नहीं हो पाया है।

### इस तरह समझे

| महू रोड पर दुकानें | मुखर्जी नगर में फ्लैट |
|---|---|
| 103 | 2बीएचके के 94 फ्लैट |
| अब तक बिक्री का का अभाव | डोसीगाव में |
| **90 से अधिक** | **2 बीएचके के 92 फ्लैट** |

निगम द्वारा प्रोपर्टी सेल के गठन करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। जल्दी इसका गठन हो जाएगा। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त, नगर निगम

पत्रिका 29/1/22

नियम अनुसार बगैर आईएसआई मार्का पानी की बिक्री नहीं हो सकती

# अब तक पानी के नमूने ही नहीं लिए गए

पत्रिका न्यूज पंच

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर में करीब 20 से अधिक कारोबारी केन से व 50 से अधिक थोक कारोबारी पानी के पाउच की बिक्री करते हैं। खाद्य व औषधी विभाग ने अब तक इनके नमूने तक नहीं लिए हैं। ऐसे में पानी से अगर कोई बीमारी हो या पेट में समस्या हो तो किसी पर प्रकरण तब दर्ज नहीं किया जा सकता, क्योंकि पानी के नमूने लेने में हमारे अधिकारियों ने कभी कोई रुचि नहीं दिखाई है। बात 2021 की ही करें तो विभाग के अनुसार इसके लिए कोई अभियान नहीं चलाया गया। नियम कहता है कि बगैर आईएसआई मार्का पेयजल का वितरण नहीं हो सकता, लेकिन शहर में धडल्ले से खुले पानी की बिक्री जारी है।

शहर में नगर निगम जा पेयजल वितरीत करती है, उसके नमूने लेने का कार्य दो से तीन माह में एक बार लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग करता है। इसके विपरीत शहर में घर से लेकर सरकारी कार्यालयों में जो पानी की केन जा रही है, उसके नमूने लेने का कार्य न तो खाद्य विभाग ने किया नहीं कभी खाद्य व औषधी विभाग ने। कलेक्टर स्वयं बैठक में कई बार खाद्य विभाग को बेहतर काम नहीं करने पर चेतावनी दे चुके है, इसके बाद भी अब तक कामकाज में सुधार नहीं आया है।

## इस प्रकार से होती समस्या

चिकित्सकों के अनुसार दुषित या मटमेला पानी के सेवन से कई प्रकार की बीमारियां होती है। यहां तक की कैंसर जैसी घातक बीमारी भी हो सकती है। इसके बाद भी जिले में जिम्मेदार इसके लिए जागरुक नहीं है। शहर में नगर निगम, मंडल रेल कार्यालय, कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सहित अन्य सरकारी कार्यालयों में भी केन में भरा हुआ पानी जाता है। इस पानी की गुणवत्ता किस तरह की है, इसकी जांच अब तक नहीं हुई है। ऐसे में पेट दर्द, डायरिया, उल्टी, दस्त जैसी सामान्य बीमारी तो होती ही है इसके साथ - साथ अन्य जानलेवा बीमारियां भी होती है।

## स्वयं निर्णय करना है

वर्तमान में कोरोना का जिस तरह से दौर चल रहा है, उसके बाद अपने स्वास्थ्य को लेकर चिंता व सतर्कता हर किसी को स्वयं करना है। पानी चाहे केन का हो या निगम का, इसको उबालकर ही प्रयोग में लाया जाए। - **अभय ओहरी**, वरिष्ठ चिकित्सक

## जांच का अभियान चलेगा

पानी की केन, पाउच आदि की जांच का अभियान इसी सप्ताह से चलाने जा रहे है। इसके लिए रुपरेखा बन गई है। आमजन से भी अपील है इस संबंध में कोई सूचना हो तो जानकारी विभाग के साथ साझा करें।

- **कमलेश जमरा**, जिला अधिकारी, खाद्य व औषधी विभाग

पत्रिका २९/1/२२

# मोहन नगर में कुख्यात गुण्डे सड्डू लाला के मकान पर चला बुलडोजर

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

शहर के गुण्डा तत्वों के खिलाफ प्रशासन द्वारा चालू की गई मुहिम लगातार जारी है। शुक्रवार को कुख्यात गुण्डे युनूस उर्फ सड्डू लाला के मोहन नगर स्थित तीन मंजिला मकान पर बुलडोजर चलाया गया। सड्डू लाला पर हत्या,हत्या के प्रयास सहित अनेक गंभीर अपराधों के कई प्रकरण दर्ज है।



फोटो पहले का व दूसरा बुलडोजर चलने के बाद का

प्रशासन की टीम दोपहर करीब साढे तीन बजे मोहन नगर पंहुची। उनका निशाना कुख्यात गुण्डे सड्डू लाला (युनूस पिता युसूफ लाला) का तीन मंजिला मकान था। सड्डू लाला ने एमओएस से अधिक निर्माण किया था। जेसीबी ने सड्डू लाला के मकान को ढहाना शुरू किया। यह कार्यवाही करीब एक घण्टा चली। इस दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोत,सीएसपी हेमन्त सिंह चौहान और निगमायुक्त सोमनाथ झारिया समेत कई अधिकारी मौके पर मौजूद थे। कानून व्यवस्था की स्थिति को बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया था। पुलिस बल की तैनाती के चलते प्रशासन की कार्यवाही के दौरान किसी प्रकार का विरोध सामने नहीं आया।

अवन्तिका

अवन्तिका 29/1/22

# अवैध कब्जा, रंगदारी करने वालों पर भी होगी कार्रवाई

## मोहन नगर में सड्डू लाला का तीन मंजिला मकान तोड़ा, अब तक 20 अवैध निर्माण तोड़े



मोहन नगर मे सड्डू लाला के मकान को तोड़ती पोकलेन। • नईदुनिया

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर में सटोरियों, आदतन अपराधियों व गुंडे-बदमाशों के खिलाफ प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को मोहन नगर में विभिन्न मामलों के आरोपित यूनुस उर्फ सड्डू लाला का मकान तोड़ने की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही अब आमजन की जमीन, प्लाट पर अवैध कब्जा कर रंगदारी करने, सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर ब्लैकमेलिंग करने वालों पर भी कार्रवाई की तैयारी हो गई है।

उल्लेखनीय है कि 21 जनवरी 2022 को भाटो का वास क्षेत्र में हुई फायरिंग के बाद सबसे पहले फायरिंग करने वाले आरोपित अकबर हुसैन का मकान तोड़ा गया था। इसके बाद से कार्रवाई जारी है। शुक्रवार दोपहर प्रशासन, पुलिस, व नगर निगम के अधिकारी व कर्मचारियों का दल औद्योगिक क्षेत्र थाना परिसर में एकत्र हुआ। वहां से दल मोहन नगर में सड्डू लाला के मकान तोड़ने पहुंचा। दल में शामिल जवानों ने मकान के आसपास के रास्तों पर बेरिकेड्स लगाकर आवागमन रोका व आसपास के लोगों को वहां से हटाया। इसके बाद क्षेत्र की बिजली सप्लाय बंद की गई। दोपहर करीब तीन बजे पोकलेन से मकान तोड़ने की कार्रवाई शुरू की गई। करीब पचास मिनट चली कार्रवाई में तीन मंजिला मकान का अगला हिस्सा तहस-नहस कर दिया गया।

### 19 प्रकरण दर्ज है सड्डू पर

पुलिस के अनुसार आरोपित सड्डू लाला पर मारपीट, ब्याज के लिए प्रताड़ित कर खुदकुशी के लिए दुष्प्रेरित करने, हत्या, हफ्ता वसूली, धमकी देने आदि के 19 मामले दर्ज हैं। कार्रवाई के दौरान एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व नगर निगम के अधिकारी, टीआइ ओपी सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

### गुंडे, सटोरिये हुए भूमिगत

एक सप्ताह के तहत अब तक शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में डेढ़ दर्जन से अधिक अवैध निर्माण, गुमटियां, गोदाम व मकान तोड़े जा चुके हैं। प्रशासन द्वारा शुरू की गई मुहिम से गुंडे, बदमाशो, सटोरियों व आदतन अपराधियों में दहशत है। कई आरोपित शहर छोड़कर चले गए हैं। लगातार प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है। सुबह होते ही लोग यह पता लगाने का प्रयास करते है कि आज किस क्षेत्र में किसके मकान को तोड़ने का नम्बर है। प्रशासन का दल दोपहर दो से तीन बजे एकत्र होता है, इसके बाद ही कार्रवाई की जानकारी मिलती है।

### जनता शिकायत करे, हम कार्रवाई करेंगे : कलेक्टर

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि प्लाट पर गुंडा तत्वों द्वारा कब्जा कर लिया गया है अथवा रंगदारी कर मकान बनाने नहीं दिया जा रहा है। नगरीय क्षेत्रों में लोग जीवन भर की कमाई से प्लाट खरीदें और प्लाट पर असामाजिक तत्वों या गुंडों तत्वों द्वारा कब्जा कर लिया जाए, मकान बनाने नहीं दिया जाए, यह बर्दाश्त नहीं होगा। अब उनकी रंगदारी नहीं चलेगी। पीड़ित व्यक्ति प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में अपना आवेदन लेकर आएं। निश्चित समय सीमा में निराकरण कर दिया जाएगा। बशर्ते मामला न्यायालय में नहीं चल रहा हो।

### सीएम हेल्पलाइन का दुरुपयोग करने वालों की जांच-एसपीएस

एसपी गौरव तिवारी ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में शिकायत कर बाद में दबाव बनाकर वसूली करने की जानकारी मिल रही है। तीन वर्षों में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की जा रही है। जांच में यह तथ्य सामने आए हैं कि गत तीन वर्षों में कुछ व्यक्तियों द्वारा 40 से 50 शिकायत सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से की गई व जांच के दौरान अनावेदक पक्ष पर दबाव बनाकर अंत में पैसे लेकर राजीनामा किया। जो भी लोग इस प्रकार से सीएम हेल्प लाइन का दुरुपयोग कर रहे हैं उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नईदुनिया 29/1/22

# -शासन द्वारा प्रकाशित नियमावली अनुसार किया जाए अवैध कॉलोनियों का नियमितीकरण : विधायक

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम



विधायक चेतन्य काश्यप ने नगर निगम प्रशासक को पत्र लिखकर प्रदेश शासन द्वारा प्रकाशित नियमावली अनुसार अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने को कहा है। उनके अनुसार शासन द्वारा 13 जनवरी को अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण हेतु राजपत्र में नियमावली का प्रकाशन कर दिया गया है। इस अनुसार रतलाम में नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाना चाहिए।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि अवैध कॉलोनियों में हजारों परिवार निवासरत है, जिन्हें नियमितीकरण की प्रक्रिया आरंभ होने पर भवन निर्माण अनुज्ञा, लोन सुविधा एवं मूलभूत सुविधाओं के साथ विकास कार्यों का लाभ प्राप्त हो सकेगा। रतलाम में वर्ष 2018 में अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इसके तहत 50 कॉलोनियों में विकास कार्यों के लिए निविदाएं जारी कर कार्य भी आरंभ कर दिया गया था, लेकिन बाद में उच्च न्यायालय के आदेश से सारे कार्य निरस्त कर दिए गए थे। मध्यप्रदेश शासन द्वारा राजपत्र में नई नियमावली के प्रकाशन के पश्चात जनहित के उक्त रूके हुए कार्य फिर से प्रारंभ करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने निगम प्रशासक से रतलाम की अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने के साथ-साथ इन कॉलोनियों में विकास कार्यों की शुरूआत भी जल्द करने पर जोर दिया है। सिंघम 28.

सिंघम 28/1/22

# कलेक्टर ने कहा : नहीं चलने दी जाएगी गुंडों की रंगदारी

**प्लाट पर कब्जे की जनसुनवाई में करें शिकायत, समय सीमा में होगा निराकरण**

रतलाम। जिला प्रशासन अब रंगदारी और प्लाट पर कब्जा करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निपटने मन बना चुका है। प्रशासन ने इसके लिए ऐसे तत्वों से पीड़ित आम जनता से शिकायत करने की अपील की है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में जो लोग अपनी जीवन भर की कमाई से प्लाट खरीदे हैं और उनके प्लाट पर असामाजिक तत्वों या गुंडों तत्वों द्वारा कब्जा किया गया है या मकान बनाने नहीं दिया जा रहा है या इस प्रकार की अन्य रंगदारी की जा रही है तो अब उनकी रंगदारी नहीं चलेगी। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे पीड़ित व्यक्तियों से जनसुनवाई में आवेदन प्राप्त किए जाएंगे और समय सीमा में उनका निराकरण किया जाएगा। बशर्ते मामला न्यायालय में नहीं चल रहा हो।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रंगदारी, गुंडा तत्वों से पीड़ित व्यक्तियों से अपील की है कि वे प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में अपना आवेदन लेकर आएं उनकी शिकायत पर त्वरित एक्शन ली जाएगी। निश्चित समय सीमा में निराकरण कर दिया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि प्रायः इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि प्लाट पर गुंडा तत्वों द्वारा कब्जा कर लिया गया है अथवा रंगदारी की जाकर मकान बनाने नहीं दिया जा रहा है। ऐसे मामलों में अब प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 29/1/22

# पुलिस और प्रशासन का एक्शन : फिर चला तीन मंजिला मकान पर प्रशासन का बुलडोजर

रतलाम। शहर में अवैध कारोबारियों, आदतन अपराधियों, बदमाशों के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को मोहन नगर में विभिन्न मामलों के आरोपित सद्दू लाला के मकान को तोड़ने की कार्रवाई की गई । कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं एसपी गौरव तिवारी के निर्देश पर जिला, पुलिस और निगम का अमला दोपहर 4 बजे लगभग मोहन नगर पहुंचा। बिजली सप्लाय



बंद करने के बाद दल ने बुलडोजर की मदद से तीन मंजिला मकान तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। कुछ ही देर में मकान को धराशायी कर दिया गया। मकान तोड़ने के लिए दल के पहुंचने पर वहां लोगो की भीड़ जमा हो गई। दल ने आसपास के रास्तों और बैरिकेट्स लगाकर पहले यातायात रोका। उसके बाद बिजली के पोल पर एक कर्मचारी चढ़ा। उसने बिजली सप्लाई बंद की। इसके बाद बुलडोजर ने पंजा चलाकर मकान तोड़न शुरू किया। दस के लगभग मामले एसपी गौरव तिवारी ने बताया कि हत्या, हफ्तावसुली, ब्याज के लिए प्रताड़ित करने पर आत्महत्या,जान से मारने की धमकी सहित 10 से अधिक मामले दर्ज है। इन्दौर

इन्दौर समाचार 29/1/22

# शासन द्वारा प्रकाशित नियमावली अनुसार किया जाए अवैध कॉलोनियों का नियमितीकरण- काश्यप

रतलाम

**विधायक चेतन्य काश्यप ने नगर निगम प्रशासक को पत्र लिखकर प्रदेश शासन द्वारा प्रकाशित नियमावली अनुसार अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने को कहा है। उनके अनुसार शासन द्वारा 13 जनवरी को अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण हेतु राजपत्र में नियमावली का प्रकाशन कर दिया गया है। इस अनुसार रतलाम में नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाना चाहिए।**

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि अवैध कॉलोनियों में हजारों परिवार निवासरत हैं, जिन्हें नियमितीकरण की प्रक्रिया आरंभ होने पर भवन निर्माण अनुज्ञा, लोन सुविधा एवं मूलभूत सुविधाओं के साथ विकास कार्यों का लाभ प्राप्त हो सकेगा। रतलाम में वर्ष 2018 में अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इसके तहत 50 कॉलोनियों में विकास कार्यों के लिए निविदाएं जारी कर कार्य भी आरंभ कर दिया गया था, लेकिन बाद में उच्च न्यायालय के आदेश से सारे कार्य निरस्त कर दिए गए थे। मध्यप्रदेश शासन द्वारा राजपत्र में नई नियमावली के प्रकाशन के पश्चात जनहित के उक्त रूके हुए कार्य फिर से प्रारंभ करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने निगम प्रशासक से रतलाम की अवैध कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने के साथ-साथ इन कॉलोनियों में विकास कार्यों की शुरूआत भी जल्द करने पर जोर दिया है।

अग्निबाण २८/१/२२




# प्रधानमंत्री आवास योजना केवल मकान बनाने का नहीं बल्कि गरीबों की जिंदगी बदलने का अभियान है : मुख्यमंत्री

## जिले में 47724 हितग्राही अब तक लाभान्वित

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री आवास योजना केवल मकान बनाने का अभियान नहीं है, बल्कि यह गरीबों की जिंदगी बदलने का अभियान है। यह अदभुत कार्यक्रम है, गरीबों के कल्याण का मेला जारी है। सभी को बेहतर जिंदगी जीने और मुस्कुराने का अधिकार है। जब तक आपकी जिंदगी नहीं बदलेगी तब तक मैं भी चैन से नहीं बैठूंगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रदेश की जनता की ओर से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्रदेश के प्रत्येक परिवार को पक्की छत उपलब्ध कराई जाएगी। जो सबसे गरीब है और सबसे नीचे हैं, उनके लिए यह सरकार सबसे पहले है। मकान बनने तक हम इन भाई-बहनों के साथ हैं। हमारा प्रयास है कि निश्चित समय-सीमा में इनका मकान बन जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सभी सांसद, मंत्री साथियों सहित सभी जन-प्रतिनिधियों से अपील की कि वे जब भी ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण पर जाएँ, तो आवास योजना की भौतिक जानकारी अवश्य लें।

इस अवसर पर रतलाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बड़ी संख्या में हितग्राही के अलावा जिला पंचायत प्रधान परमेश मईडा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, परियोजना अधिकारी महेश कुमार चौबे उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के उद्बोधन को देखा व सुना गया। सभाकक्ष में 48 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। रतलाम जिले में 47724 हितग्राही अब तक लाभान्वित हो चुके है। इन्दौर

इन्दौर समाचार २१।१।२२

# 46 दिन में 2145 पॉजिटिव : अब पता चला कि रतलाम में ओमिक्रॉन वैरिएंट, बड़ी राहत 4 दिन से कम हो रहा संक्रमण

## 1 सप्ताह तक संक्रमण कम हो तो डाउन फाल की उम्मीद, ओमिक्रॉन वैरिएंट वालों की है ट्रैवल हिस्ट्री

भास्कर संवाददाता | रतलाम

रतलाम में भी ओमिक्रॉन वैरिएंट घूम रहा है। जी हां, 5 लोगों में इस वैरिएंट की पुष्टि हुई है, लेकिन, खास बात ये है कि इस बात का पता तब चला है जब 46 दिन में 2145 पॉजिटिव आ चुके हैं। 4 दिन से संक्रमण कम हो रहा है। एक सप्ताह से ज्यादा समय तक ऐसे ही केस कम होते रहते हैं तो डाउनफाल की उम्मीद कर सकते हैं।

जिले में शुक्रवार को ओमिक्रॉन वैरिएंट की जानकारी मिली है। 9 सैंपल में से 5 में ओमिक्रॉन वैरिएंट है, रिपोर्ट का इंतजार 28 दिसंबर के बाद से हो रहा था। सैंपल को जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए दिल्ली भेजा था। संक्रमित जिले में तेजी से बढ़े हैं। जिले में संक्रमण कम होने लगा है। 16% तक पहुंच चुकी संक्रमण दर, 9% पर आ गई है। 150 पॉजिटिव अधिकतम मिले हैं, इसमें 4 दिन से लगातार कमी हो रही है। गुरुवार को आंकड़ा 120 ही रहा था।

### 16% तक पहुंच चुकी संक्रमण दर, 9% पर आ गई, 150 पॉजिटिव अधिकतम मिले हैं, इसमें 4 दिन से लगातार कमी हो रही, 120 पॉजिटिव मिले

#### 4 दिन में इस तरह कम हुए केस

| दिनांक | पॉजिटिव | सैंपल |
|---|---|---|
| 24 जनवरी | 150 | 1448 |
| 25 जनवरी | 132 | 1222 |
| 26 जनवरी | 130 | 1117 |
| 27 जनवरी | 120 | 1266 |

#### अभी कम-ज्यादा हो सकते हैं पॉजिटिव

इधर, एपेडेमियोलॉजिस्ट गौरव बोरीवाल ने बताया संक्रमित मरीजों की संख्या कम हो रही है। अभी डाउनफाल की बात नहीं कह सकते हैं। मरीजों की संख्या कम-ज्यादा हो सकती है। लेकिन, एक सप्ताह तक लगातार मरीज कम मिलते हैं और आंकड़ा 100 से कम पहुंचता है तो राहत होगी। अभी सतर्क रहने की जरूरत है। घर से बाहर निकले तो सावधानी रखना ना भूले।

#### जनवरी माह में संक्रमण की ऐसी रही चाल

- जनवरी के पहले दिन 0 केस थे। 5 जनवरी को 14 पॉजिटिव मिले थे। उस दिन संक्रमण दर 1.09% बनी हुई थी।
- सर्वाधिक पॉजिटिव 20 और 24 जनवरी को 150 मिले हैं। 20 जनवरी को संक्रमण दर 13.91% रही थी, वहीं, 24 जनवरी को 10.35 ही रह गई।
- 15 जनवरी के बाद से 100 से ज्यादा पॉजिटिव ही मिल रहे।
- सबसे ज्यादा संक्रमण दर 16 जनवरी को रही थी। इस दिन सिर्फ 609 सैंपल हुए, 101 पॉजिटिव मिले। संक्रमण दर 16.58% थी।
- अब पॉजिटिव का आंकड़ा कम होता जा रहा है।

भास्कर

दै. भास्कर 29/1/22

# फिर चला तीन मंजिला मकान पर बुलडोजर





रतलाम। शहर में अवैध कारोबारियों, आदतन अपराधियों, बदमाशों के खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को मोहन नगर में विभिन्न मामलों के आरोपित सट्टू लाला के मकान को तोड़ने की कार्रवाई की गई।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एवं एसपी गौरव तिवारी के निर्देश पर जिला, पुलिस और निगम का अमला दोपहर 4 बजे लगभग मोहन नगर पहुंचा। बिजली सप्लाय बंद करने के बाद दल ने बुलडोजर की मदद से तीन मंजिला मकान तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। कुछ ही देर में मकान को धराशायी कर दिया गया। मकान तोड़ने के लिए दल के पहुंचने पर वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। दल ने आसपास के रास्तों और बैरिकेट्स लगाकर पहले यातायात रोका।

## दस के लगभग मामले

एसपी गौरव तिवारी ने बताया कि हत्या, हफ्तावसुली, ब्याज के लिए प्रताड़ित करने पर आत्महत्या, जान से मारने की धमकी सहित 10 से अधिक मामले दर्ज है।

## कलेक्टर की अपील: प्लाट पर कब्जे की जनसुनवाई में शिकायत करें, समय सीमा में होगा निराकरण

रतलाम। नगरीय क्षेत्रों में जो लोग अपनी जीवन भर की कमाई से प्लाट खरीदे हैं और उनके प्लाट पर असामाजिक तत्वों या गुंडों तत्वों द्वारा कब्जा किया गया है या मकान बनाने नहीं दिया जा रहा है या इस प्रकार की अन्य रंगदारी की जा रही है तो अब उनकी रंगदारी नहीं चलेगी। जिला प्रशासन द्वारा ऐसे पीड़ित व्यक्तियों से जनसुनवाई में आवेदन प्राप्त किए जाएंगे और समय सीमा में उनका निराकरण किया जाएगा। बशर्ते मामला न्यायालय में नहीं चल रहा हो। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रंगदारी, गुंडा तत्वों से पीड़ित व्यक्तियों से अपील की है कि वे प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में अपना आवेदन लेकर आएं। उनकी शिकायत पर त्वरित एक्शन ली जाएगी, निश्चित समय सीमा में निराकरण कर दिया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि प्रायः इस प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि प्लाट पर गुंडा तत्वों द्वारा कब्जा कर लिया गया है अथवा रंगदारी की जाकर मकान बनाने नहीं दिया जा रहा है। ऐसे मामलों में अब प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नवभारत

नवभारत २९/१/२२

पौन घंटे में कर दिया पूरा हिस्सा तबाह

# सड्डूलाल के रसूख को पोकलेन से किया ध्वस्त

## मोहननगर स्थित मकान के आगे के हिस्से पर चली कार्रवाई




पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com


रतलाम. शहर के अपराधियों, गुंडों और सटोरियों के खिलाफ जिला प्रशासन, पुलिस और नगर निगम की मुहिम शुक्रवार को मोहन नगर पहुंची। हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी सहित अन्य मामलों के बदमाश युनूस उर्फ सड्डू लाला पिता यूसुफ खान 33 के घर पर एमओएस को तोड़ने की कार्रवाई को अंजाम दिया गया। दोपहर तक अधिकारी मंत्रणा करते रहे और शाम चार बजे से चले पोकलेन ने महज पौन घंटे में ही मकान के आगे का पूरा हिस्सा धराशायी कर दिया।

### बिजली और रास्ते बंद

प्रशासन ने कार्रवाई के पहले सड्डू लाला के घर तक पहुंचने के मार्ग पर बैरिकेड्स लगाकर पूरा रास्ता बंद कर दिया। इसके बाद सड्डू लाला के घर की बिजली सप्लाई बंद की। अधिकारियों का इशारा मिलते ही पोकलेन आपरेटर ने अपनी कार्रवाई शुरू की। देखते ही देखते मकान के आगे का हिस्सा धड़ाधड़ नीचे गिरता गया। मकान तोड़ने के लिए दल के पहुंचने पर उसके घर के आसपास लोगो की भीड़ जमा हो गई।

मौके पर मकान तोड़ना देखने पहुंचने वालों को पुलिस दल ने बहुत दूर खड़ा रहने की हिदायत दी। इसके बाद भी आसपास काफी संख्या में लोग पहुंच गए तो पुलिस ने दूरी बनाए रखने की हिदायत देते हुए उन्हें काफी दूर कर दिया। दल में एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमन्त सिंह चौहान, नगर निगम व राजस्व विभाग के अधिकारी, औद्योगिक क्षेत्र थाना के टीआई ओपी सिंह सहित बड़ी संख्या में पुलिस जवान शामिल थे।

### ये अपराध थे सड्डू पर

सड्डू पर औद्योगिक क्षेत्र थाने सहित शहर के अन्य थानों में मिलाकर करीब डेढ दर्जन केस पंजीबद्ध है। ये केस 2000 से लेकर अब तक लगातार बनते रहे। औद्योगिक क्षेत्र पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार सड्डू लाला पर हत्या की धारा 302, हत्या के प्रयास की धारा 307 जैसी बड़ी धाराओं में तो केस थे ही उस पर रंगदारी, बलवा, अवैध हथियार रखना, जुआं एक्ट, अजा-अजजा एक्ट की धाराओं में भी केस दर्ज हैं।

### एक घंटे पहले खाली करवाया मकान

सड्डू लाला का मकान तोड़ने के लिए प्रशासन की तरफ से दोपहर में निर्णय किया गया। निर्णय होने के बाद सड्डू लाला के घर पर संदेश भेजकर मकान खाली करने को कहा गया। पटवारी सहित अन्य कर्मचारियों ने कार्रवाई से पहले घर तक यह संदेश पहुंचाया तो भी कार्रवाई शुरू होने के ठीक पहले तक घर में कुछ लोग मौजूद थे। उन्हें बाहर करने के बाद प्रशासन के अमले ने निगम की टीम को कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए।

पत्रिका 29/1/22

# असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई करेंगे-कलेक्टर

## कलेक्टर ने कहा पीड़ित व्यक्ति जनसुनवाई में अपनी शिकायत लेकर आएं

रतलाम ● स्वदेश समाचार

नगरीय क्षेत्रों में जो लोग अपनी जीवनभर की कमाई से प्लाट खरीदे हैं और उनके प्लाट पर असामाजिक तत्वों या गुंडों तत्वों द्वारा कब्जा किया गया है या मकान बनाने नहीं दिया जा रहा है या इस प्रकार की अन्य रंगदारी की जा रही है तो अब उनकी रंगदारी नहीं चलेगी।

जिला प्रशासन द्वारा ऐसे पीड़ित व्यक्तियों से जनसुनवाई में आवेदन प्राप्त किए जाएंगे और समय सीमा में उनका निराकरण किया जाएगा। बशर्ते मामला न्यायालय में नहीं चल रहा हो ।



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने रंगदारी , गुंडा तत्वों से पीड़ित व्यक्तियों से अपील की है कि वे प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में अपना आवेदन लेकर आएं उनकी शिकायत पर त्वरित एक्शन ली जाएगी। निश्चित समय सीमा में निराकरण कर दिया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि प्रायः इस प्र[illegible]ार की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि प्लाट [illegible] गुंडा तत्वों द्वारा कब्जा कर लिया गया है अथवा रंगदारी की जाकर मकान बनाने नहीं दिया जा रहा है ऐसे मामलों में अब प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्वदेश

स्वदेश २९/१/२२

## अपराधियों के मकान तोड़ने की कार्रवाई जारी

रतलाम ● शहर में आदतन अपराधियों व सटोरियों के खिलाफ जिला प्रशासन, पुलिस विभाग व नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को मोहन नगर में बुलडोजर की मदद से तीन मंजिला मकान तोड़ने की कार्रवाई शुरू की। कुछ ही देर में मकान को धराशायी कर दिया गया।

उल्लेखनीय है कि 21 जनवरी को भाटो का वास क्षेत्र में हुई फायरिंग के बाद से मकान तोड़ने की मुहिम शुरू की गई है। अब तक शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में आदतन अपराधियों, सटोरियों व गुंडे, बदमाशों के करीब डेढ़ दर्जन से अवैध निर्माण, गुमटियों व गोदाम तोड़े जा चुके है। प्रशासन द्वारा शुरू की गई मुहिम से गुंडे, बदमाशों, जुआरियों व आदतन अपराधियों में दहशत है। कई आरोपित शहर छोड़कर चले गए है। हर दिन प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है।

## कलेक्टर बोले गुंडों की रंगदारी नहीं चलने दी जाएगी

रतलाम. नगरीय क्षेत्रों में जिन लोगों ने अपने जीवन भर की कमाई से प्लाट खरीदे हैं और उनके प्लाट पर असामाजिक या गुंडा तत्वों द्वारा कब्जा किया गया है या मकान बनाने नहीं दिया जा रहा है या फिर इस प्रकार की अन्य रंगदारी की जा रही है तो अब उनकी रंगदारी नहीं चलेगी। यह बात कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने शुक्रवार को कही।

कलेक्टर ने कहा कि ऐसे पीड़ित व्यक्तियों से जिला प्रशासन द्वारा जनसुनवाई में आवेदन प्राप्त किए जाएंगे और समय सीमा में उनका निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर ने रंगदारी, गुंडा तत्वों से पीड़ित व्यक्तियों से अपील की है कि वे प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में अपना आवेदन लेकर आएं।

पत्रिका २९/१/२२